महत्वपूर्ण एवं खास

छत्तीसगढ़ में अब तक 238 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक 1 जून 2021 से अब तक राज्य में 238 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 29 जून तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार कोरबा जिलें में सर्वाधिक 413.2 मिमी और दंतेवाड़ा जिले में सबसे कम 148 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 196.7 मिमी, सूरजपुर में 261.9 मिमी, बलरामपुर में 238.7 मिमी, जशपुर में 274.3 मिमी, कोरिया में 240.9 मिमी, रायपुर में 248.4 मिमी, बलौदाबाजार में 304 मिमी, गरियाबंद में 246.6 मिमी, महासमुंद में 208.4 मिमी, धमतरी में 256.9 मिमी, बिलासपुर में 220.4 मिमी, मुंगेली में 155.3 मिमी, रायगढ़ में 224.1 मिमी, जांजगीर चांपा में 227.2 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 266.3 मिमी, दुर्ग में 276.8 मिमी, कबीरधाम में 215.8 मिमी, राजनांदगांव में 168 मिमी, बालोद में 239.7 मिमी, बेमेतरा में 316.1 मिमी, बस्तर 154.8 मिमी, कोण्डागांव में 179.6 मिमी, कांकेर में 218.2 मिमी, नारायणपुर में 214.1 मिमी, सुकमा में 292 मिमी और बीजापुर में 259 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

तेज रफ्तार कार की ठोकर से बाईक सवार युवक-युवती घायल,मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। बाईक सवार युवक-युवती को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। मामले की शिकायत पण्डरी थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार बस्ती कचनापारा रायपुर निवासी रिखी वर्मा 21 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि वह 28 जून को रात्रि 7.30 बजे कचना दुबे कालोनी से अपनी दोस्त ज्योतिश्वरी उपाध्याय को केटीएम बाईक में बैठाकर दुबे कालोनी मोवा जा रहा था तभी शंकरनगर की ओर से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात कार ने व्हीआईपी तिराहा के पास बाईक को ठोकर मार दिया। जिसके चलते वह व उसकी दोस्त नीचे गिर गये। एक्सीडेन्ट में रिखी को मालूली चोट लगी है। वहीं उसकी दोस्त के पैर में चोट लगने पर एक निजी अस्पताल में ले जाकर उपचार कराया है। एक्सीडेन्ट के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया इसके चलते वह कार का नंबर नही देख पाया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ धारा 279,337 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

वन मंत्री ने आंधी तूफान व अतिवृष्टि से प्रभावित 34 परिवारों को दी 4 लाख 15 हजार रूपए की सहायता

रायपुर (आरएनएस)। आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने सोमवार को कवर्धा विश्राम गृह में कबीरधाम जिले में आंधी-तूफान व अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त 34 घरों के मुखिया को 4 लाख 15 हजार रूपए की राहत राशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर अकबर ने आंधी तूफान व बारिश से क्षतिग्रस्त हुए घर, मवेशी को ठहराने के लिए बनाए गए स्थानों का पूरी गंभीरता से सर्वे करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि क्षतिग्रस्त घरों को फिर से बनाने के लिए आर्थिक सहायता देकर मदद पहुंचाने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, डीएफओ दिलराज प्रभाकर, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। अकबर ने प्राकृतिक आपदा के तहत अतिवृष्टि एवं आंधी तूफान से आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कवर्धा के नरेश कुमार, नीलकंठ गोड़, उषा, अंजारी सारथी,, राजेश बघेल, दामोदर शर्मा को 10-10 हजार रूए का चेक वितरण किया।

हर एक हितग्राही को मिले महतारी दुलार योजना का लाभ-कलेक्टर

» समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर सिंह ने दिए सभी विभागों को निर्देश

रायगढ़। कोरोना से अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों को महतारी-दुलार योजना अंतर्गत निजी और अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में भर्ती कराना है। जिले के हर एक ऐसे हितग्राही को शिक्षा के साथ छात्रवृत्ति का लाभ मिले यह सुनिश्चित करना शिक्षा विभाग के प्राथमिकता में होनी चाहिए। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर सिंह ने जिले में कोरोना के कारण अपने माता-पिता को खोने वाले ऐसे बच्चों को चिन्हांकित करते हुये निजी व आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में एडमिशन कराने के साथ उन्हें हर महीने मिलने वाले छात्रवृत्ति की भी व्यवस्था करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके बाद कलेक्टर सिंह ने 26 जून को जिले में हुए महा टीकाकरण अभियान की सफलता पर चर्चा की। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से ही यह अभियान सफल हुआ, जिसमें 75 हजार टीका के लक्ष्य के विरुद्ध 1 लाख 43 हजार 554 टीका एक ही दिन में लगाया गया। कलेक्टर सिंह ने कहा कि अभी यहीं पर नहीं रूकना है। टीकाकरण लगातार चलेगा और सभी ग्राम पंचायत और जिले के अरबन बॉड्जि को शत-प्रतिशत टीकाकरण करना है अंतिम लक्ष्य है, जिसे भी सभी के सहयोग से जल्द पूरा किया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने लाकडाउन खत्म होने पर जिले के सभी तहसीलदारों को कोर्ट शुरू करने और राजस्व प्रकरणों की सुनवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी तहसीलदारों को 2 साल पुराने मामलों को प्राथमिकता से निबटाने के निर्देश दिए। इसके बाद जिले की गोठान की स्थिति पर कलेक्टर सिंह ने चर्चा की। उन्होंने कहा कि गोठान और चारागाह के लिए चिन्हांकित भूमि पर से कब्जा हटाने का काम सभी एसडीएम और तहसीलदार प्रमुखता से करें। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने जिले में संचालित सभी गोठानों में आने वाले मवेशियों के लिए हरा चारा की व्यवस्था के लिए चारागाह स्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि आने वाले एक माह के अंदर सभी गोठानों के समीप चारागाह स्थापित करने के साथ इसमें हरा चारा नेपियर उगाने की कार्य पूर्ण करें। बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष चारा उगाने के लक्ष्य को बढ़ाने के निर्देश वेटनरी विभाग के अधिकारियों को दिए गए।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि हर माह गोठान समितियों की बैठक करने और उसमें आय-व्यय की संपूर्ण चर्चा करने की बात कही। जिले के ऐसे गोठान समिति जो कार्य अच्छे से नहीं कर रहे हैं उन्हें चिन्हांकित करने के साथ बदलने के प्रस्ताव देने के निर्देश कलेक्टर सिंह ने दिए। जिले के ऐसे गोठान जहां गडढ़े होने, बरसात में पानी भरने और कीचड़ होने की बात सामने आती है। ऐसे गोठानों के गड्ढ़ों को भरकर समतल करने और बरसात में कीचड़ न हो इसकी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह सभी गोठानों में सुपर कंपोस्ट बनाने की स्थिति की जानकारी ली गई। उन्होंने सुपर कम्पोस्ट के लिये गौठानों में अस्थायी शेड बनाने के निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने अस्थाई शेड निर्माण के लिए गोठान समितियों को बांस व बल्ली उपलब्ध कराने डीएफओ को निर्देशित किया। इसी तरह बरसात को ध्यान में रखते हुए जिले के बाढ़ क्षेत्रों का चिन्हांकन करने के निर्देश सभी एसडीएम व तहसीददार को दिए। उन्होंने आपदा एवं प्रबंधन के अंतर्गत बाढ़ से निबटने संसाधन जुटाने के साथ बाढ़ पीड़ितों को रखने सहित वृहद कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि बरसात में जलजनित रोग फैलने की बातें सामने आती है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी गांव के मितानिन को पानी शुद्धिकरण के लिए जागरूकता लाने क्लोरिन टेबलेट बंटवाने के साथ डायरिया आदि के इलाज कीट की व्यवस्था करने के निर्देश सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी को दिए। बैठक में एडीएम राजेन्द्र कटारा, निगम आयुक्त एस.जयवर्धन, जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल सहित सभी विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

❐ **जिले के 118 पंचायत हुये शत-प्रतिशत टीकाकृत-** रायगढ़ जिले के 118 ग्राम पंचायत शत-प्रतिशत टीकाकृत हो चुके है। जिसमें पुसौर विकासखण्ड के 41, रायगढ़ के 28, तमनार के 17, सारंगढ़ के 10, खरसिया के 10, बरमकेला के 4, धरमजयगढ़ के 7 एवं लैलूंगा के एक ग्राम पंचायत शामिल है।

❐ **रोका-छेका अभियान 1 जुलाई से-** कलेक्टर सिंह ने कहा कि राज्य शासन द्वारा खेतो में लगे फसल को मवेशियों से बचाने रोका-छेका अभियान 1 जुलाई से शुरू किया जाएगा। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की बैठक होनी चाहिए। बैठक में अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी के साथ सभी ग्राम वासियों को अपने मवेशियों को गोठान में भेजने के लिए प्रेरित करने के निर्देश कलेक्टर सिंह ने दिए।

❐ **हाट-बाजार क्लीनिक व शिविर करें शुरू-** कलेक्टर सिंह ने कहा कि लाक डाउन हट गया है। इसलिए अब स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित हाट-बाजार क्लीनिक का संचालन कर लोगों को इसका लाभ मिलना चाहिए। इसी तरह जिले के सभी मेडिकल मोबाइल यूनिट का संचालन कर लोगों को मुफ्त जांच और इलाज सुविधा देने के निर्देश कलेक्टर सिंह ने दिए। कलेक्टर सिंह ने एमएमयू से सभी तरह के खून व पेशाब जांच होने सुनिश्चित करने के निर्देश सीएमएचओ डॉ. केशरी को दिए। इसी तरह समाज कल्याण के अंतर्गत दिव्यांगों के इलाज व जांच के लिए शिविर लगाने और इसकी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए।

❐ **जुलाई में करें पौधरोपण कार्य पूर्ण-** समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर सिंह ने पौधरोपण की कार्ययोजना पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने खाली पड़े शासकीय भूमि पर अधिक से अधिक मुनगा पौधे लगाने और आगे चलकर इससे औषधि के रूप कार्य में लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने जिले में जुलाई में पौधरोपण कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित सभी विभाग को दिए। इसी तरह धान के बदले पौधरोपण करने के फायदे को किसानों में प्रचार-प्रसार करने और उनमें जागरूकता लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने धान के बदले दलहन-तिलहन और पौधरोपण के लिए तय लक्ष्य से भी ज्यादा कार्य करने की बात कृषि विभाग के अधिकारियों से कही।

❐ **अनुकंपा नियुक्ति और एनएच मुआवजा प्रकरण निबटाएं जल्द-** कलेक्टर सिंह ने समय-सीमा की बैठक में अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों के कार्य में तेजी लाने की बात कही। कलेक्टर सिंह ने एनएच निर्माण व उद्योग स्थापित करने पर लंबित मुआवजा प्रकरणों को जल्द से जल्द निबटाने और हितग्राहियों को लाभ देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कार से करोड़ों की चांदी की तस्करी करते दो व्यक्ति गिरफ्तार

» दोनो व्यक्तियों के पास से 235 किलो 600 ग्राम कच्चा चांदी की सिल्ली व 08 किलोग्राम और करोड़ों रुपये बरामद

महासमुंद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद पुलिस को बड़ी चेकिंग के दौरान कामयाबी मिली है जिले के सिंघोडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अन्तर्राजीय चेक पोस्ट रेहटीखोल (छ0ग0 ओड़िसा बॉर्डर) के पास पुलिस पार्टी द्वारा संदिग्ध वाहनो की चेकिंग की जा रही थी तभी बरगढ़ ओडिसा की तरफ से एक सफेद रंग की एम. जी. हेक्टर कार क्रमांक एमपी 07 सीजे 5069 तेज रफ्तार से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही थी। उक्त वाहन को चेक पोस्ट के पास रोककर पूछताछ किया गया कार में दो व्यक्ति बैठे मिले।

पूछताछ करने ड्राईवर के बगल सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम गौरव शल्या पिता सत्येन्द्र शल्या उम्र 22 वर्ष निवासी पुरानी गल्ला मण्डी फत्तेहाबाद तहसील/थाना फत्तेहाबाद जिला आगरा, उत्तर प्रदेश एवं वाहन चालक ने अपना नाम संजय खान पिता नूर मोहम्मद उम्र 41 वर्ष सा. पठान मोहल्ला फत्तेहाबाद तहसील/थाना फत्तेहाबाद जिला आगरा, उत्तर प्रदेश रहने वाले है। जिनसे पूछताछ करने पर सही तरीके से जवाब नही देने व जवाब गोलमोल व संतोषप्रद नही पाये जाने पर वाहन की तलाशी ली गई तो पीछे डिक्की में बना एक विशेष चेम्बर दिखाई दिया जो सामान्य रूप से वाहनो नही होता है। इससे पुलिस टीम को संदेह हुआ और उस चेम्बर को खुलवाकर चेक किया गया तो चेम्बर में अलग अलग कच्ची चांदी की विभिन्न आकार के सिल्ली 69 नग, चांदी की ज्वेलरी एवं नगदी रकम मिला। जिसे निकालकर चेक करने पर कच्चा चांदी की सिल्ली अलग-अलग आकार एवं वजन का 13 नग बडा, मध्यम आकार का 33 नग, छोटा आकार का 23 नग वजनी करीबन 235 किलो 600 ग्राम कीमत 1,70,45,000/- रूपये, चांदी के आभूषण (पायल, ब्रेसलेट) 03 अलग-अलग प्लास्टिक के पाउच में भरा हुआ वजनी करीबन 08 किलोग्राम कीमती करीबन 5,60,000/- रूपये एवं 5,78,900/- रूपये नगदी रकम रखे मिले उक्त मशरूका के संबंध में पूछताछ करने पर वाहन में सवार गौरव शल्या पिता सत्येन्द्र शल्या उम्र 22 वर्ष सा. मकान नं0 657 पुरानी गल्ला मण्डी फत्तेहाबाद तहसील/थाना फत्तेहाबाद जिला आगरा, उत्तर प्रदेश एवं वाहन चालक संजय खान पिता नूर मोहम्मद उम्र 41 वर्ष सा. पठान मोहल्ला फत्तेहाबाद तहसील/थाना फत्तेहाबाद जिला आगरा, उत्तर प्रदेश रहने वाले है।

मंत्री लखमा ने दिवंगत खिलाड़ी की पत्नी को एक लाख रुपए भेंट किया

रायपुर (आरएनएस)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री और बस्तर जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने आज कलेक्टोरेट में अपने किए वादे को पूरा करते हुए दुर्घटना में मृत खिलाड़ी अविनाश उईके की पत्नी श्रीमती रेवती उईके को एक लाख रुपए भेंट किया। मंत्री ने श्रीमती रेवती उईके के छोटे बच्चे को देखते हुए अधिकारियों को उसके जीवन-यापन के लिए रोजगार की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

उल्लेखनीय है कि विगत एक मार्च को अविनाश उईके बीजापुर जिले के माटवाड़ा में क्रिकेट खेलने गए हुए थे। उन्होंने अपने बेहतरीन प्रदर्शन के कारण मंत्री कवासी लखमा से उस दिन पुरस्कार भी प्राप्त किया था। मोटरसायकल से वापसी के दौरान हुई दुर्घटना के कारण उनकी मृत्यु हो गई थी। मंत्री लखमा ने इस घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए मृतक की पत्नी को एक लाख रुपए देने की घोषणा की थी।

छत्तीसगढ़ के वित्तीय संसाधनों के विस्तार और प्रबंधन पर टास्क फोर्स की हुई बैठक

» टास्क फोर्स की आगामी बैठकों में विस्तृत चर्चा कर राज्य शासन को की जाएगी अनुशंसाएं

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में ''राज्य के वित्तीय संसाधन विस्तार एवं प्रबंधन'' पर विचार करने टास्कफोर्स की बैठक आज राज्य योजना आयोग के कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, रुचिर गर्ग, आयोग के सदस्य डॉ के. सुब्रमणियम भी उपस्थित रहे। टास्कफोर्स की बैठक में आयोग के अशासकीय सदस्य विजय महाजन, इण्डिया किण्डरनॉथलाइफ फाउण्डेशन की कंट्री हेड सु अलका सिंह, एच.के. अमरनाथ भी बैठक में वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित हुए। बैठक में राज्य शासन के संबंधित विभागों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। बैठक में राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष सिंह ने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि राज्य के वित्तीय संसाधन के विस्तार एवं प्रबंधन विषय कोविड से उपजी परिस्थितियों में और भी महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने अवगत कराया कि टास्कफोर्स में आवष्यकता होने पर अन्य विषय-विषेषज्ञों को आमंत्रित किया जा सकता है। इसके अंतर्गत छोटे-छोटे वर्किंग ग्रुप भी बनाए जा सकते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि टास्क फोर्स के सुझाव व्यवहारिक तथा कम समय में क्रियान्वयन योग्य हो। आयोग के सदस्य डॉ. के. सुब्रमणियम ने टास्कफोर्स के सदस्यों को टास्कफोर्स की संदर्भ शर्तों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री के सलाहकार रुचिर गर्ग ने शासन की अपेक्षाओं से अवगत कराते हुए बताया कि वर्तमान राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं जैसे किसान कर्ज माफी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, लघु वनोपजों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी के संचालन के परिप्रेक्ष्य में यह टास्कफोर्स अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वित्तीय संसाधनों के विस्तार हेतु राज्य में उपलब्ध विपुल वन, खनिज संसाधनों के सुनियोजित उपयोग से आय में वृद्धि के उपाय किए जा सकते हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, मानमंदिर उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी शुक्ले एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता फैला करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

प्रिंटिंग प्रेस का काम शुरू कर महिलाओं ने बदली किस्मत

रायगढ़ । कहते हैं कि हवा को जरा सी जगह मिलनी की देरी होती है, उसके बाद वो अपना रास्ता खुद बना लेती है, इसी वाक्य को सच कर दिखाया ग्राम अमलीडीह की महिलाओं ने, उन्होंने कोरोना काल में न सिर्फ अपने कौशल में वृद्धि की बल्कि अपनी मेहनत और लगन से प्रिटिंग प्रेस काम की शुरुआत करके आज अपनी किस्मत बदल रही हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की महिलाएं प्रिटिंग प्रेस के कार्य से आज लाखों रुपए तक कमाई कर आत्मनिर्भर बनके अपने परिवार को आर्थिक संबल दे रही हैं। बता दें कि ब्लॉक घरघोड़ा ग्राम पंचायत अमलीडीह के आसपास की 10 महिलाओं ने अपने जीवन को बदलने के लिए लक्ष्मी स्व-सहायता समूह का निर्माण किया। महिलाओं ने साप्ताहिक बचत तथा राज्य सरकार द्वारा स्व-सहायता समूह को दिए जाने वाले सामुदायिक निवेश कोष से प्राप्त राशि से प्रिंटिंग प्रेस का कार्य प्रारंभ किया। सामूहिक प्रिटिंग प्रेस का कार्य करने के कारण जिला पंचायत रायगढ़ द्वारा समूह को लाभान्वित करने के लिए समूह, ग्राम संगठन, क्लस्टर संगठन का रजिस्टर, समीप में स्थित ब्लॉक तमनार, लैलूंगा, रायगढ़ से समूह रजिस्टर प्रिंट का कार्य दिया गया। साथ ही ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान रायगढ़, मनरेगा विभाग ऑडिट बुक तथा अन्य स्टेशनरी दुकानों से रजिस्टर छपाई के लिए आर्डर मिले।

समूह की महिलाओं ने दिन रात कड़ी मेहनत करके सभी आर्डर को पूर्ण किये और इस काम में लगभग 3 लाख 20 हजार रुपये की शुद्ध आमदनी हुई। लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की कामकाज एवं मेहनत को देखकर गांव की अन्य महिलाओं ने भी समूह में जुड़ने का फैसला लेकर विभिन्न गतिविधियों में काम करने का निर्णय लिया। यह समूह ब्लॉक घरघोड़ा के लिए ही नही समूह में जुड़ी अन्य महिलाओं, घरेलू कार्य करने और खुद के पैर पर खड़े होने वाली सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा दायक है।

जनपद पंचायत घरघोड़ा सीईओ सी.एल.सिदार ने बताया कि यह समूह राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) में जुड़कर प्रिंटिंग का कार्य कर अपनी आजीविका चला रही है, यह पहले राज्य कार्यालय से प्राप्त होता था, लेकिन अब यहीं सामग्री ब्लॉक की महिला समूह द्वारा तैयार किया जा रहा है।